# जन प्रकाशन

JAN PRAKASHAN NEWS

इन्दौर-भोपाल से एकसाथ प्रकाशित

सत्य साहस सरोकार

janprakashan@gmail.com www.janprakashan.com

प्रवासी भारतीय दिवस 2023

वर्षः 10 | अंकः 29 इंदौर | गुरुवार, 12 जनवरी- 18 जनवरी 2023 पृष्ठः 08 | मूल्यः 02 रुपए


# अपन का इंदौर

## इंदौर एक दौर है... पीएम मोदी



**वही प्रधानमंत्री ने अपने अंदाज में इंदौर की तारीफ करते हुए कहा कि इंदौर भी अद्भुत है। लोग कहते हैं कि इंदौर एक शहर है लेकिन मैं कहता हूं कि इंदौर एक दौर है ये वो दौर है जो समय से आगे चलता है फिर भी विरासत को समेटे रहता है। इंदौर पूरी दुनिया में लाजवाब है। इंदौरी नमकीन का स्वाद, साबुदाने की खिचड़ी, कचौरी, समोसे, शिकंजी जिसने भी इसे देखा उसके मुंह का पानी नहीं उतरा जिसने इसे चखा, उसने कहीं और मुड़कर नहीं देखा। वही साथ ही 56 दुकान का नाम लेते हुए कहा की 56 दुकान तो प्रसिद्ध है ही सराफा भी महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि लोग इंदौर को स्वच्छता के साथ स्वाद की राजधानी भी कहते है। यहां के अनुभव आप खुद भी नहीं भूलेंगे और दूसरों को भी अपने देश जाकर बताना नहीं भलेंगे।**

प्रधानमंत्री ने कहा की दुनिया के इतने अलग-अलग देशों में भारत के लोग एक कॉमन फैक्टर की तरह दिखते हैं तो वासुदेव कुटुम्बकम की भावना उसके साक्षात दर्शन कराती है। अलग-अलग क्षेत्रों के लोग मिलते हैं तो एक-भारत, श्रेष्ठ भारत का अहसास भी होता है। दुनिया में जब सबसे अनुशासित और शांतिप्रिय लोगों की चर्चा होती है। तो मदर ऑफ डेमोक्रेसी का गौरव बढ़ जाता है। जब हमारा विश्व आकलन करता है तो सशक्त और समर्थ भारत की आवाज सुनाई देती है इसीलिए मैं सभी प्रवासी भारतीयों को विदेशी धरती पर भारत का राष्ट्रदूत यानी ब्रैंड एम्बेस्डर कहता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा की हमारे यहां कहा जाता है स्वदेशी भुवन प्रयम अर्थात हमारे लिए पूरा संसार ही हमारा देश है। इसी वैचारिक बुनियाद पर हमारे पूर्वजों ने भारत के सांस्कृतिक विस्तार को आकार दिया था। हम दुनिया के अलग-अलग कोनों में गए हमने सदियों पहले वैश्विक व्यापार की बुनियाद खड़ी की थी। हम विदेश गए अलग-अलग देशों अलग-अलग सभ्यताओं के बीच वैश्विक व्यापार से कैसे समृद्धि के रास्ते खोल सकते हैं। भारत ने और भारतीयों ने करके दिखाया। आज अपने करोड़ों प्रवासी भारतीयों को जब हम ग्लोबल मैप पर देखते हैं तो कई तस्वीरें एक साथ उभरती हैं।

मोदी ने कहा की इस साल भारत दुनिया के जी-20 समूह की अध्यक्षता भी कर रहा है। भारत इस जिम्मेदारी को एक बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। हमारे लिए यह दुनिया को भारत के बारे में बताने का अवसर है कि ये दुनिया के लिए भारत के अनुभवों से सीखने का अवसर है। हमें जी-20 केवल एक डिप्लोमेटिक इवेंट नहीं बल्कि जनभागीदारी का आयोजन बनाना है। दुनिया के देश अतिथि देवो भव का दर्शन करेंगे। आप उन्हें बता सकते हैं। इससे उन्हें यहां आने से पहले भारत के महत्व और अपनत्व का अनुभव होगा। जी20 समिट में 200 बैठकें होंगी। अलग-अलग शहरों में जाएंगे। प्रवासी भारतीय उन्हें लौटने पर बुलाए। उनके अनुभव सुने। उनके साथ हमारे बंधन को और मजबूत करने का अवसर बन जाएगा। इसी बात के साथ उन्होंने अपने संबोधन को समाप्त करते हुए आए हुए राष्ट्रपति व प्रवासी भारतीयों को आभार माना।

वही इस के बाद कार्यक्रम स्थल ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर पर लगी स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी भारतीयों के योगदान पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।

## आजादी की सहस्राब्दी तक भारत आत्मनिर्भर और विश्व गुरु होगाः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा है कि आने वाले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत निरंतर विश्व गुरु बनने की महत्वाकांक्षी यात्रा पर है। वर्ष 2047 में जब हमारा देश आजादी की सहस्राब्दी मना रहा होगा, तब तक हमारा देश आत्म निर्भर और विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत की विकास यात्रा में पूरी दुनिया के कोने कोने में बसे प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत का संकल्प है विश्व में सभी का समान और न्यायोचित विकास। हमारा दर्शन वसुधैव कुटुंबकम का है। सारा विश्व हमारे लिए एक परिवार है। प्रवासी भारतीय भारत के विकास के विश्वसनीय भागीदार है। हम आपको पूरी तरह भागीदार बनाना चाहते हैं। आपकी सामूहिक ताकत, इनोवेटिव आइडियाज, तकनीकी, दक्षता, क्षमता भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में तीन दिवसीय 17 वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन का समापन किया। उन्होंने अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 27 प्रवासी भारतीयों को प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किए। कार्यक्रम में गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी विशेष रूप से शामिल हुए। राज्यपाल मंगु भाई पटेल भी उपस्थित थे।


राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विश्व में प्रवासी भारतीयों का विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से कला, साहित्य, राजनीति, खेल, व्यापार, लोक कल्याण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि हर क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की है। आप की उपलब्धियां हमारे लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा गत दो दशकों में प्रवासी भारतीय सम्मेलन ने भारत की तरक्की में अहम भूमिका निभाई है। यह सरकार और प्रवासी भारतीय के बीच संवाद और सहयोग का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। कोरोना के कारण 2 वर्ष पहले यह सम्मेलन वर्चुअली आयोजित किया गया था। आज आप सभी से मिलकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। यह सम्मेलन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 9 जनवरी 2015 में अफ्रीका से लौटने की गौरवमयी याद में मनाया जाता है।

## सीएम शिवराज का शायराना अंदाज़

सितारों को आंखों में महफूज रखना बड़ी दूर तक रात ही रात होगी...
मुसाफिर हो तुम भी मुसाफिर है हम भी फिर किसी मोड़ पर मुलाकात होगी...।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्वकल्याण से अपना उद्बोधन शुरू करते हुए पर्यावरण संरक्षण को लेकर कहा कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन में ग्लोबल गार्डन में पेड़ लगाए गए हैं और इंदौर से पूरे भारत के माध्यम से संदेश दिया है कि सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया भारत हमेशा इसी राह पर चलता है हम कुछ भी कार्यक्रम करते हैं बेटियों के पद पूजा से से शुरू करते हैं इसी के साथ तमाम बेटियों और योजनाओं पर भी उन्होंने प्रवासी भारतीयों का ध्यान आकर्षित किया होमस्टे के माध्यम से दो परिवार नहीं दो देशों को आपस में जोड़ने का काम किया गया है केंद्र सरकार राज्य सरकार कार्यक्रम में लगी थी लेकिन इंदौर की जनता ने इसे सफल बनाने में योगदान दिया है मध्यप्रदेश में किसानों द्वारा उड़ाई जा रही फसल को संबोधित करते हुए उन्होंने कई आंकड़े भी बताएं जिसमें उन्होंने कहा कि गेहूं के क्षेत्र में पंजाब को भी पीछे छोड़ दिया मध्यप्रदेश द्वारा और भी कई फसलों मैं अच्छे आंकड़े हैं फ्रेंड्स ऑफ एमपी पोर्टल के माध्यम से प्रवासी भारतीय जुड़ सकते हैं और सरकार तुरंत आपको सहयोग करेगी प्रवासी भारतीयों से अनुरोध किया है कि अपनी माटी और देश के लिए योगदान देते रहना मध्य प्रदेश में निवेश भले ना करे लेकिन मध्यप्रदेश में घूमने जरूर आना फरवरी में आफ्रीका से जीते आने वाले हैं उन्हें भी देखने आना जब तुम चले जाओगे याद बहुत आओगे तुम बिन लगेगा कन्वेंशन सेंटर लगेगा सुना तुम बिन लागे का राजवाड़ा 56 दुकान सराफा सूना सूना तुम बिन लगेगा इंदौर सूना सूना तुम बिन लगेगा इधर घर सूना सूना सितारों को आंखों में महफूज रखना बड़ी दूर बड़ी दूर तक रात ही रात होगी मुसाफिर हो तुम भी मुसाफिर है हम भी फिर किसी मोड़ पर मुलाकात होगी प्रवासी भारतीय सम्मेलन में कसर तो कुछ भी नहीं छोड़ी लेकिन पीएम मोदी की लोकप्रियता के कारण से कार्यक्रम में बैठक व्यवस्था में कुछ समस्या हुई उसके लिए उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए हृदय स्थल में अतुल स्थान होने की बात कही है।



## संपादकीय

# पीएम मोदी ने तारिफ में कहा 'अपन' का इंदौर पूरी दुनिया में लाजवाब...

जनप्रकाशन



मनोज चौबे
प्रधान संपादक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन में शिरकत करने विशेष विमान से इंदौर पहुंचकर उन्होंने कार्यक्रम स्थल ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी और गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली की अगवानी की। इसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन चार साल के बाद अपने मूल स्वरूप में लौट रहा है। अपनों से आमने-सामने की मुलाकात का अपना अलग ही आनंद होता है। उन्होंने इंदौर की तारीफ करते हुए कहा कि लोग कहते हैं कि इंदौर एक शहर है लेकिन मैं कहता हूं कि इंदौर एक दौर है। यह वह दौर है जो समय से आगे चलता है। फिर भी विरासत को समेटे रहता है। उन्होंने कहा कि खानपान के लिए अपन का इंदौर पूरी दुनिया में लाजवाब है। यहां पोहे का पैशन, कचोरी, समोसे, शिकंजी... जिसने भी इसे देखा, उसके मुंह का पानी नहीं रुका। जिसने इसे चखा, उसने कहीं मुड़कर नहीं देखा। पीएम ने कहा कि एमपी में काफी कुछ है, जो इस यात्रा को अविस्मरणीय बनाएगा। पास में ही महाकाल के महालोक का दिव्य और भव्य विस्तार हुआ है। आप सब वहां जाकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लें। हम अभी जिस शहर में है, वह अपने आपमें अद्भुत है।

पीएम ने कहा कि हमारे लिए पूरा संसार ही स्वदेश है। इसी विचार की बुनियाद पर हमारे पूर्वजों ने भारत की संस्कृति को आकार दिया था। हम दुनियाभर में गए। हमने सदियों पहले वैश्विक व्यापार की असाधारण परंपरा को शुरू किया। आज अपने करोड़ों प्रवासी भारतीयों को देखते हैं तो उसमें वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन होते हैं। भारत के अलग-अलग प्रांतों, क्षेत्रों के लोग जब मिलते हैं तो एक भारत, श्रेष्ठ भारत का अनुभव होता है। आज भारत को आशा और जिज्ञासा की दृष्टि से देखा जा रहा है। वैश्विक मंच पर आज भारत की आवाज सुनी जा रही है। भारत इस साल के जी20 का मेजबान भी है। हम इसे केवल एक कूटनीतिक घटना नहीं बनाना चाहते, बल्कि लोगों की भागीदारी का कार्यक्रम बनाना चाहते हैं।


पीएम ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने विकास में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे असाधारण हैं। जब भारत कोविड महामारी के बीच कुछ महीनों में स्वदेशी वैक्सीन बनाता है, जब 220 करोड़ वैक्सीन डोज मुफ्त लगाने का रिकॉर्ड बनाता है, जब भारत वैश्विक अस्थिरता के बीच दुनिया की उभरती अर्थव्यवस्था बनता है, जब भारत विश्व की सबसे बड़ी पांच अर्थव्यवस्था में शामिल होता है, जब भारत तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनता है तो स्वाभाविक है कि लोगों में रुचि होगी। लोग जानना चाहते हैं कि भारत की स्पीड, स्केल क्या है? भारत का फ्यूचर क्या है?

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत के पास नॉलेज सेंटर बनने के साथ स्किल कैपिटल बनने का अवसर है। हमारे युवाओं के पास स्किल भी है, वैल्यूज भी है और काम करने के लिए जरूरी जज्बा और ईमानदारी भी है। भारत की यह स्किल कैपिटल दुनिया के विकास का इंजिन बन सकती है। भारत की यह स्किल कैपिटल दुनिया के विकास का इंजन बन सकती है। भारत की यह स्किल कैपिटल दुनिया के विकास का इंजन बन सकती है।

सा.

# मुसलमानों पर मोहन भागवत


जनप्रकाशन



डॉ. वेदप्रताप वैदिक
(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद् के अध्यक्ष और अफगान मामनों के विशेषज्ञ)
dr.vaidik@gmail.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागव ने 'पांचजन्य' साप्ताहिक को दी गई एक भेंट वार्ता में ऐसी कई बातें कही हैं, जिन पर देश के लोगों और खास तौर से संघ के स्वयंसेवकों का विशेष ध्यान जाना चाहिए। उन्होंने पहली बात यह कही है कि भारत के मुसलमानों को किसी से डरने की जरुरत नहीं है। उन्हें वैसे ही निर्भय रहना चाहिए, जैसे अन्य भारतीय रहते हैं। आजकल देश और विदेशों के कई बुद्धिजीवी यह महसूस करते हैं कि जब से मोदी सरकार कायम हुई है, भारत के मुसलमान बहुत डर गए हैं। कुछ हद तक यह बात सही है लेकिन इसका मूल कारण यह सरकार उतना नहीं है, जितना कि कुछ सिरफिरे 'हिंदुत्ववादी लोग' हैं, जो कि नफरत फैलाते हैं और अपने व्यवहार से लोगों में डर पैदा करते हैं। भाजपा सरकार को इन उग्रवादी और तथाकथित 'हिंदुत्ववादियों' के खिलाफ सख्त कदम उठाने में कोताही क्यों करनी चाहिए? सच्चाई तो यह है कि वे हिंदुत्व की मूल भावना को समझते ही नहीं हैं। उनमें यूरोप और अरब देशों की मजहबी अतिवादिता दिखाई पड़ती है। मजहब के नाम पर उन मुल्कों में अब भी भयंकर अत्याचार जारी हैं। यह विदेशी मजहबी अंधापन आप भारत में भी देख सकते हैं। कोई यहोवा या अल्लाह को माने, इसमें कोई बुराई नहीं है लेकिन इसके लिए अरबों और गोरों की नकल करना क्या जरुरी है? कोई व्यक्ति किसी धर्म या विचारधारा को माने लेकिन उसके पहले वह अपने आप को सच्चा और पक्का भारतीय बनाए, क्या यह जरुरी नहीं है? अब आप देखें कि सउदी अरब के वर्तमान शासक शाहजादे सलमान ने तथाकथित अरबी और इस्लामी परंपराओं में कितने बड़े बदलाव कर दिए हैं। मोहन भागवत हमारे मुसलमानों से भी यह बराबर कहते रहे हैं कि उनका और हिंदुओं का डीएनए एक ही है। क्या किसी हिंदू या मुसलमान नेता ने आज तक ऐसी बात कही है? उनकी इस बात से कई पोंगापंथी मुसलमान और हिंदू चिढ़ भी सकते हैं लेकिन भारत ही नहीं, संपूर्ण दक्षिण और मध्य एशिया के देशों को जोड़ने में यह कथन निर्णायक भूमिका निभाएगा। मोहन भागवत मस्जिदों में गए और इमामों से उन्होंने संवाद किया, क्या यह कम बड़ी बात है? यह ठीक है कि भारत के मुसलमानों ने कई मजबूरियों में इस्लाम को कुबूल कर लिया लेकिन वे विदेशी आंक्रांताओं के वारिस नहीं हैं। उन आक्रांताओं की संतानें भी अब पूर्णरूपेण भारतीय हो गई हैं। यह ठीक है कि लगभग हजार साल तक विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत को दबाने की कोशिश की है और उसके विरुद्ध भारतीय लोग लगातार लड़ते रहे हैं लेकिन वह वैमनस्य और वह अहंकार किसी भी रूप जिंदा नहीं रहना चाहिए। मोहनजी ने इस बात पर भी जोर दिया है कि भारतीयों पर इस समय कोई विदेशी आक्रमण तो नहीं हो रहा है लेकिन भारत विदेशियों का नकलची बन रहा है। वह उनकी भोगवादी प्रवृत्तियों को अपना रहा है। मोहन भागवत के इस कथन पर हमारे देश के तथाकथित नेता गण, खासकर भाजपा के लोग ध्यान दें, यह जरुरी है। सच्ची भारतीयता तो 'त्येन त्यक्तेन भुंजीथा' याने त्याग के साथ उपभोग में ही निवास करती है। **ये लेखक के अपने विचार है)**

# 14 जनवरी को सूर्य का राशि परिवर्तन



इंदौर/ जन प्रकाशन

14 जनवरी को बुधादित्य शुभ योग खत्म होगा। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा और शनि के साथ रहेगा। लेकिन अब अगले तीन महीनों तक सूर्य-शनि का अशुभ योग बना रहेगा। जिससे राजनीतिक, प्रशासनिक और बड़े मौसमी बदलाव हो सकते हैं। 14 जनवरी की रात को सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर शनि के साथ हो जाएगा। फिर दो दिन बाद यानी 17 को शनि राशि बदलकर कुंभ में चला जाएगा। जिससे सूर्य-शनि का अशुभ द्विर्द्वादश योग एक महीने तक रहेगा। 13 फरवरी से फिर सूर्य-शनि एकसाथ कुंभ राशि में रहेंगे। इसके बाद 15 मार्च को सूर्य मीन राशि में चला जाएगा। जिससे 14 अप्रैल तक फिर से सूर्य-शनि का अशुभ द्विर्द्वादश योग रहेगा।

### देश-दुनिया में तनाव और डर का माहौल

ज्योतिषाचार्य के अनुसार कि इस राशि परिवर्तन के साथ ही सूर्य-शनि कुछ दिन एकसाथ रहेंगे और थोड़े दिन द्विर्द्वादश योग बनेगा। यानी ये दोनों ग्रह एक-दूसरे से बारहवीं राशि में रहेंगे। ज्योतिष में सूर्य और शनि को एक-दूसरे का शत्रु माना जाता है। जब भी ऐसे योग बनते हैं तब देश-दुनिया में अनचाहे बदलाव और दुर्घटनाएं होती हैं। तनाव, अशांति और डर का माहौल भी बनता है। पिछले साल भी इन दिनों ये अशुभ योग बना था।

### राजनीति में बड़े बदलाव और विवाद की आशंका

इन दिनों शनि अपनी ही राशि में है। सूर्य पर राहु की दृष्टि भी पड़ रही है। ग्रहों की ये स्थिति ठीक नहीं है। सूर्य के राशि बदलने का असर सभी 12 राशियों पर पड़ेगा। जिससे ज्यादातर लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कई लोग मानसिक और शारीरिक तौर से तो परेशान रहेंगे ही साथ ही सेहत संबंधी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ सकता है। शनि-सूर्य का अशुभ योग बनने से राजनीतिक नजरिये से समय अनुकूल नहीं रहेगा। बड़े बदलाव और विवाद होने की आशंका है।

### अशुभ असर से बचने के उपाय

रोज सुबह पानी में तिल और लाल चंदन डालकर नहाएं। उगते हुए सूरज को जल चढ़ाएं। सूर्य और शनि के अशुभ असर से बचने के लिए पीपल के पेड़ मे जल चढ़ाएं और घी का दीपक लगाकर उसकी परिक्रमा करें। शाम को हनुमानजी और शनि देव के मंदिर में तिल के तेल का दीपक लगाएं। शनि देव को तिल या सरसों का तेल चढ़ाएं। जरुरतमंद लोगों को भोजन और गर्म कपड़ों का दान करें।

सा.

# आज स्वामी विवेकानंद की जयंती



इंदौर/ जन प्रकाशन

हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई जाती है। इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। विवेकानंद बहुत कम उम्र में ही संन्यासी बन गए थे। पश्चिमी देशों को योग-वेदांत की शिक्षा से अवगत कराने का श्रेय स्वामी जी को ही जाता है। स्वामी विवेकानंद ने 19वीं शताब्दी के अंत में विश्व मंच पर हिंदू धर्म को एक मजबूत पहचान दिलाई थी। स्वामी विवेकानंद का असली नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, जिन्हें नरेन के नाम से भी जाना जाता है। बहुत कम उम्र में ही उनका झुकाव अध्यात्म की तरफ हो गया था। बचपन से ही बुद्धिमान थे विवेकानंद- स्वामी जी बचपन से ही बहुत बुद्धिमान थे। कहा जाता है कि मां के आध्यात्मिक प्रभाव और पिता के आधुनिक दृष्टिकोण के कारण ही स्वामी जी को जीवन अलग नजरिए से देखने का गुण मिला। स्वामी जी के पिता कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक वकील थे। उनके दादा दुर्गाचरण दत्त संस्कृत और फारसी भाषा के विद्वान थे और 25 वर्ष की आयु में साधु बन गए थे। पारिवारिक माहौल ने उनकी सोच को आकार देने में मदद की। विवेकानंद बचपन से ही बहुत चंचल स्वभाव के थे। जैसे-जैसे वो बड़े होते गए, उनमें व्यावहारिक ज्ञान और पौराणिक समझ गहरी होती गई।

जब स्वामी जी ने विदेशी को दिया करारा जवाब- स्वामी जी एक भिक्षु की तरह कपड़े पहनते थे। वो एक तपस्वी का जीवन जीते थे जो दुनिया भर में यात्रा करते थे और तरह-तरह के लोगों से मिलते थे। एक बार जब स्वामी जी विदेश यात्रा पर गए तो उनके कपड़ों ने लोगों का ध्यान खींचा। इतना ही नहीं एक विदेशी व्यक्ति ने उनकी पगड़ी भी खींच ली। स्वामी जी ने उससे अंग्रेजी में पूछा कि तुमने मेरी पगड़ी क्यों खींची? पहले तो वो व्यक्ति स्वामी जी की अंग्रेजी सुनकर हैरान रह गया। उसने पूछा आप अंग्रेजी बोलते हैं? क्या आप शिक्षित हैं? स्वामी जी ने कहा कि हां मैं पढ़ा-लिखा हूं और सज्जन हूं। इस पर विदेशी ने कहा कि आपके कपड़े देखकर तो ये नहीं लगता कि आप सभ्य व्यक्ति हैं। स्वामी जी ने उसे करारा जवाब देते हुए कहा कि आपके देश में दर्जी आपको सज्जन बनाता है जबकि मेरे देश में मेरा किरदार मुझे सज्जन व्यक्ति बनाता है।

# करणी सेना का भोपाल आंदोलन समाप्त; प्रदेश में संभवतः पहली बार किसी संघठन की बड़ी जीत, सरकार को देना पड़ा लिखित में आश्वासन!

**भोपाल/जन प्रकाशन**

प्रदेश की राजधानी भोपाल में 8 जनवरी से जारी करणी सेना सर्व समाज का अनशन व जन आंदोलन 2 माह के लिए स्थगित कर दिया गया है! मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने लिखित में दिया है कि 22 में से 18 मांगो पर हम सहमत है जिन्हें जल्द पूरा किया जाएगा साथ ही 3 प्रमुख मांग जिसमें आरक्षण आर्थिक आधार पर, एट्रोसिटी एक्ट व एक अन्य के लिए मंत्रिमंडल की कमिटि बनाने की बात कही है।

दरअसल करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर सहित 7 सदस्य 5 दिनों से अनशन पर थे। 8 जनवरी को देश के अलग अलग राज्यो से सर्व समाज के लोग लाखों की संख्या में भोपाल के जम्बूरी मैदान में उमड़े शक्ति प्रदर्शन दिखाया। उसी दिन से लगातार समाज के प्रदेश

संघठन मंत्री शैलेंद्र सिंह झाला सरकार के संपर्क में रहे और अब पांचवे दिन पांचवे दौर की बात में ये सहमति बनी है।खुद गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया के सवाल पर बुधवार दोपहर कहा था कि करणी सेना के लोग हमारे अपने हैं, कोई गैर नहीं। हम भाइयों में आपस में कोई बैर नहीं। सौहार्दपूर्ण वातावरण में उनसे चर्चा कर आंदोलन खत्म करने का आग्रह करेंगे। वहिं अनशन खत्म करवाने धरना स्थल खुद प्रदेश के मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया पहुँचे।

### करणी सेना की प्रमुख मांगे!



आरक्षण का आधार आर्थिक किया ताकि समाज के हर वर्ग के गरीबों को आरक्षण का लाभ मिल सके। एक बार आरक्षण मिलने पर दोबारा आरक्षण का लाभ नहीं दिया जावे।

SC, ST एक्ट में बिना जाँच के गिरफ्तारी पर रोक लगे। ताकि कोई भी निर्दोष व्यक्ति बिना अपराध के सजा न काटे।

03- SC, ST एक्ट की तर्ज पर सामान्य-पिछड़ा एक्ट बने जो सामान्य-पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा करे व कानूनी सहायता प्रदान करे।

EWS आरक्षण में भूमि व मकान की बाध्यता समाप्त कर 8.00 लाख की वार्षिक आय को ही आधार मानकर आरक्षण का लाभ दिया जावे। सभी भर्तियों में EWS के छात्रों को उम्र सीमा में छूट दी जावे EWS प्रमाण पत्र की अवधि 3 वर्ष की जावे तथा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जावे परीक्षा शुल्क में छूट छात्रों को सरकारी योजनांतर्गत व्यापारिक लोन में स्वरोजगार हेतु छूट प्रदान की जावे।

वर्तमान में प्रक्रियाधीन शिक्षक भर्ती वर्ष 2018 में प्रथम काउंसलिंग के पश्चात् शेष बचे हुए EWS वर्ग के समस्त पदों को द्वितीय काउंसलिंग या शिक्षा विभाग की वर्तमान नियोजन प्रक्रिया में समस्त पदों के साथ EWS वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों से भरा जावे। EWS के रिक्त पदों को इसी वर्ग से भरा जावे।

प्राथमिक शिक्षक भर्ती वर्ग 3 के पदों में 51000 पदों पर न्यायसंगत रोस्टर के साथ भर्ती की जावे व उच्चतर शिक्षक वर्ग 1 व माध्यमिक शिक्षक वर्ग 2 के वंचित विषयों जैसे मातृभाषा हिन्दी, सा. विज्ञान, विज्ञान के विषय में पदों में वृद्धि की जावे।

# पुलिसकर्मियों ने जीते प्रवासी भारतीयों के दिल...

## इंदौर की स्वच्छता,नमकीन के साथ सुरक्षाकर्मियों के फोटो क्लिक कर ले गए प्रवासी भारतीय








**चंकि बाजपेयी** सिटी रिपोर्टर

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर में तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय सम्मेलन और दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट में पुलिसकर्मियों द्वारा तमाम तरह की सुरक्षा व्यवस्था अन्य विभागों के साथ बखूबी निभाई गई।जिसके चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण के साथ ही काफी बेहतर तरीके से संपन्न हुआ ।जिसकी धन्यवाद शुभकामनाएं सहित फोटो के रूप में प्रवासी यादों को अपने साथ विदेश ले गए हैं....।

दरअसल इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन और ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट की तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरुआत हो चुकी थी जिसमें पुलिस विभाग ,नगर निगम सहित जिला प्रशासन द्वारा रूट सीसीटीवी कैमरे सहित तमाम तरह की सुरक्षा सुनिश्चित की गई थी और जब यह कार्यक्रम पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ संपन्न हुआ तो इसकी वाह वाह भी पुलिस विभाग सहित तमाम विभागों को जाती है।शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों ने शहर में आए मेहमानों को आदर्श संस्कार के साथ संपूर्ण मदद कर प्रवासी भारतीयों का दिल जीत लिया और वह प्रवासी भारतीय भी अपने साथ इंदौर के नमकीन और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के फोटो अपने साथ कैमरे में कैद कर ले गए हैं।

प्रवासी भारतीयों का कहना था मध्य प्रदेश सहित इंदौर की पुलिस ने जिस तरह से सुरक्षा के साथ अपनापन दिखाया है वह कम ही देखने को मिलता है और इसी कारण से हम उनके साथ फोटो क्लिप कर अपने साथ विदेश ले जा रहे हैं।

# सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत

## बेटे-बहुवों से त्रस्त बुजुर्ग खोज रहे हैं समाधान, पुलिस पंचायत के माध्यम से सुधर रहे हैं बिगड़े रिश्ते...

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत के नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत चौबे,एडिशनल डीसीपी ने बताया की उनकी टीम के काउंसलर डॉक्टर आर डी यादव, पुरुषोत्तम यादव, सनी मोदी एवं संजय सांवरे के अथक प्रयासों से सुधार रहे हैं घर के बिगड़े माहौल,होते हैं समझौते मिलती है परिवार में खुशियां।

वही डॉ.प्रशांत चौबे द्वारा बताया गया की बुधवार को पुलिस पंचायत में 15 प्रकरण प्राप्त हुए, 8 प्रकरणों में समाधान हुआ शेष प्रकरणों में आगामी बुधवार को बुलाया गया है।

### मल्टीस्टोरीड में रह रहे बुजुर्ग को व्हाट्सएप ग्रुप से किया बाहर

डॉ.चौबे द्वारा बताया गया की तिलक नगर थाना अंतर्गत मनोरमागंज में रहने वाले 82 वर्षीय बुजुर्ग को मल्टीस्टोरीड सोसाइटी में व्हाट्सएप ग्रुप से किया अलग। बुजुर्ग व्यक्ति ने अपने आप को अपमानित महसूस किया।पुलिस पंचायत में लगाई गुहार सोसायटी के पदाधिकारियों को बुलाया गया पुलिस पंचायत की समझाइश के बाद दोनों पक्षों के बीच पैदा हुई गलतफहमी को दूर करते हुए दोनों पक्षों के बीच में पुलिस पंचायत ने समझौता कराया।बुजुर्ग भी राजी खुशी से सोसायटी के पदाधिकारियों के साथ में रवाना हुए।सोसाइटी के सचिव ने उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में सम्मान के साथ शामिल किया



डॉ.चौबे द्वारा बताया गया की अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में रहने वाले दंपति के 3 पुत्रों में से एक बीच वाले पुत्र के द्वारा माता-पिता को गालियां देना सबसे झगड़े करना प्रताड़ित करना की गुहार पुलिस पंचायत में लगाई।काउंसलिंग के पश्चात में पुत्र के द्वारा गलती मानते हुए परिवार से अलग रहने की स्वेच्छा से मंशा जाहिर की माता-पिता से अलग रहते हुए भी कभी अपमानित नहीं करने की बात कही एवं जो बन सकेगा सेवा करता रहूंगा इस आशय की सहमति दी।

डॉ.चौबे द्वारा बताया गया की एक अन्य प्रकरण में विजय नगर क्षेत्र के मालवीय नगर में रहने वाली 63 वर्षीय वृद्धा की उसकी विधवा बहू के द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत दर्ज कराई गई।शिकायत आए दिन परिवार में अशांति का माहौल और लगातार झगड़े होते रहने से पुलिस पंचायत की समझाइश के पश्चात विधवा बहू ने स्वेच्छा से अपने आपको अलग कमरा किराए से रहने की सहमति दी, अलग रहते हुए सास बहू एक दूसरे को सहयोग करते रहेंगे ऐसी सहमति बनी।

डॉ.चौबे द्वारा बताया गया की मल्हारगंज थाना क्षेत्र के वृद्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस पंचायत में शिकायत की गई थी उसके एकमात्र पुत्र के द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है।

बिजली पानी का बिल भी नहीं भरता है कई बार पुत्र के द्वारा वृद्ध की शराब पीकर पिटाई भी करने की शिकायत और मकान पर कब्जा करने की बात भी कही।

पुत्र मकान खाली कर देगा तो किराए से उसकी आजीविका चला लेगा ऐसा वृद्ध ने कहा।पुत्र के द्वारा भी स्वेच्छा से सहमति प्रदान की गई आगामी 2 माह में वह मकान खाली कर देगा और दूर रहकर भी माता-पिता की सेवा में तत्पर रहेगा और कोई झगड़ा लड़ाई नहीं करेगा।

# प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवायएच में हुआ ब्लास्ट

## कई कर्मचारी हुए घायल...






**इंदौर/जन प्रकाशन**

**जितेंद्र माथुर।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल इंदौर के एमवाय एच में उस वक्त हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब अस्पताल के ही ब्लड बैंक में गैस ट्रांसफर करते समय एक ब्लास्ट हो गया।ब्लास्ट इतना जोरदार था कि विभाग के खिड़की के कांच टूटे छत को भी नुकसान हुआ और काम कर रहे कर्मचारियों को भी मामूली चोटें आई।इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है और मामूली घायल हुए कर्मचारियों का इलाज डॉक्टर की देख रेख में किया जा रहा है।

एम वाय अस्पताल के ब्लड बैंक में अचानक घटनाक्रम को लेकर ब्लड बैंक प्रभारी ने जोकि ऑफिशियल काम के चलते इंदौर से बाहर थे टेलीफोन पर पूरी जानकारी देते हुए बताया कि...,ब्लड बैंक के कंपोनेंट्स रूम में प्लेटलेट एजिटेटर में हाइट्स के कर्मचारियों द्वारा मेंटेनेंस के दौरान कंप्रेसर में गैस भरते समय विस्फोट हो गया जिससे कंपोनेंट रूम की मशीनें और फॉल सीलिंग कांच को आदि नुकसान पहुंचा है। बाकी किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

अस्पताल के ब्लड बैंक में हुई घटना में गनीमत रहा की कोई जनहानि नहीं हुई।काम कर रहे कंपनी के कर्मचारियों को मामूली चोटे आई और तत्काल उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में ही भर्ती कर लिया गया।जहां डॉक्टर की देख-रेख में उनका इलाज किया जा रहा है।और घायलों की हालत बेहतर है पूरे घटनाक्रम में ब्लास्ट होने से विभाग में कई तरह के नुकसान सामने आए पूरे धमाके के बाद छत में लगी सीलिंग उखड़ गई खिड़कियों के लगे कांच टूट कर बिखर गए और कुछ वक्त के लिए विभाग और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया... कोई घटना क्रम में फिलहाल घटना को लेकर कोई भी अधिकृत कैमरे के सामने बात नही हुई है।

यूं तो अस्पताल प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल कहलाता है लेकिन होने वाली घटनाओं को लेकर अखबारों की सुर्खियों और इलेक्ट्रॉनिक चैनलों पर बार-बार दौड़ता नजर आता है इस ब्लास्ट में किसी तरह की कोई जनहानि ना हुई और ना ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ।

# देश में आईटी का अगला डेस्टिनेशन इंदौर होगा- सीएम शिवराज

## स्वच्छता और कार्य के बेहतर वातावरण को हमने ब्रांड के रूप में स्थापित किया

## मुख्यमंत्री चौहान ने की उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा

इंदौर/ जन प्रकाशन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में आई.टी. का अगला डेस्टिनेशन इंदौर होगा। स्वच्छता और कार्य के बेहतर वातावरण को हमने ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। उद्योग और निवेश की सुगम प्रक्रियाएँ, सहयोगी और उत्साहवर्धक व्यवहार तथा बेहतर कनेक्टिविटी एवं पर्याप्त इन्फ्रा-स्ट्रक्चर सभी क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रदेश को उपयुक्त बनाता है। मुख्यमंत्री चौहान ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले उद्योगपतियों और निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री चौहान से डालमिया भारत समूह के पुनीत डालमिया, गोदरेज इण्डस्ट्री के नादिर गोदरेज, अडानी एग्रो ऑयल एवं गैस के प्रणव अडानी, टाटा इंटरनेशनल के नोएल टाटा, आईटीसी ग्रुप के संजीव पुरी, एक्ससेंचर की रेखा मेनन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के निखिल आर. मेसवानी ने ब्रिलिंयट कन्वेंशन सेंटर में भेंट की। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मनीष सिंह उपस्थित थे।



### डालमिया भारत समूह प्रदेश में लगाएगा सीमेंट प्लांट

मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा में डालमिया भारत समूह के पुनीत डालमिया ने प्रदेश में सीमेंट प्लांट लगाने तथा स्वस्थ कार्बन साइकल विकसित करने के लिए प्रदेश के वेस्ट लैंड पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने संबंधी प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि निवेश में इस प्रकार के नवाचारों का प्रदेश में स्वागत है।

### मुख्यमंत्री चौहान से मिले नादिर गोदरेज

मुख्यमंत्री चौहान से भेंट में गोदरेज इण्डस्ट्री के नादिर गोदरेज ने प्रदेश में बढ़ रहे शहरीकरण को देखते हुए रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश की इच्छा व्यक्त की। इसके साथ ही एग्रो केमिकल उद्योग लगाने की योजना की जानकारी दी। गोदरेज ने कहा कि उनका समूह मालनपुर स्थित इकाई का विस्तार कर रहा है। समूह सीएसआर के अंतर्गत स्वास्थ्य क्षेत्र में गतिविधियों को बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की लगातार बढ़ रही प्रति व्यक्ति आय से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ रही हैं।

### अडानी समूह की प्रदेश में 60 हजार करोड़ के निवेश की योजना

मुख्यमंत्री चौहान से वन-टू-वन चर्चा में अडानी एग्रो ऑयल एवं गैस के प्रणव अडानी ने कहा कि उनके समूह की प्रदेश में खनिज, ऊर्जा, कृषि, नवकरणीय ऊर्जा और कोयले के क्षेत्र में 60 हजार करोड़ के निवेश की योजना है। मुख्यमंत्री चौहान द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने के संबंध में चर्चा के दौरान अडानी ने कहा कि यह हमारा कर्त्तव्य है। समूह अपनी आवश्यकताओं के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य में कौशल उन्नयन की गतिविधियाँ संचालित करेगा। समूह का राज्य में अस्पताल स्थापित करने का भी विचार है। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाईयाँ लगाने की संभावनाओं से भी उन्हें अवगत कराया।

### मुख्यमंत्री चौहान से मिले नोएल टाटा

मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा में टाटा इंटरनेशनल के नोएल टाटा ने कहा कि उनका समूह प्रदेश में गतिविधियों का विस्तार करेगा। प्रदेश में समूह अपने रिटेल आउटलेट जूडियो की संख्या भी बढ़ाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश से समूह की निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने की आवश्यकता बताई।

### आईटीसी ग्रुप करेगा 1500 करोड़ का निवेश : प्रदेश में स्थापित होंगे 1000 एफपीओ

मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा में आईटीसी ग्रुप के संजीव पुरी ने कहा कि निवेश आमंत्रित करने के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अन्य राज्य की तुलना में अधिक सक्रिय है। इंदौर में विकास का उदाहरण प्रस्तुत किया है। संजीव पुरी ने कहा कि प्रदेश में आईटीसी द्वारा 300 एफपीओ संचालित किए जा रहे हैं। इनका विस्तार कर 1000 एफपीओ स्थापित करने का लक्ष्य है, इसमें 1500 करोड़ रूपये का निवेश होगा। आईटीसी समूह प्रदेश में पैकेजिंग और खाद्य प्र-संस्करण इकाई स्थापित करने जा रहा है। पैकेजिंग इकाई इस वर्ष के अंत तक आरंभ हो जाएगी। समूह सुगंधित पौधों की खेती को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके प्र-संस्करण पर आधारित इकाई भी प्रदेश में स्थापित की जाएगी। किसानों को फसल लेने, बिक्री आदि के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए आईटीसी मार्ट का भी विस्तार किया जा रहा है।

### एक्ससेंचर ग्रुप की रेखा मेनन ने प्रदेश की आई.टी. नीति को बताया उपयोगी

मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा में एक्ससेंचर की रेखा मेनन ने मध्यप्रदेश की आई.टी. नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह नीति आई.टी. इंडस्ट्री के लिए बहुत उपयोगी और मित्रवत है। इंदौर में कार्य का उपयुक्त वातावरण है। अतः इंदौर निरंतर आई.टी. प्रोफेशनल्स का केन्द्र बनता जा रहा है। एक्ससेंचर ने इंदौर में 6 महीने पहले ही कार्य आरभ किया है, जहाँ 1400 लोग कार्य कर रहे हैं। समूह प्रदेश में गतिविधियों का विस्तार करेगा।

### रिलायंस ग्रुप संपूर्ण प्रदेश में 5जी सुविधा का करेगा विस्तार

मुख्यमंत्री चौहान से चर्चा में रिलायंस इंडस्ट्रीज के निखिल आर. मेसवानी ने कहा कि सेवा क्षेत्र में निवेश से आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। अतः रिलायंस समूह संपूर्ण प्रदेश में तहसील स्तर तक इस वर्ष के अंत तक 5 जी सुविधा उपलब्ध करवाएगा। समूह द्वारा प्रदेश में 175 पेट्रोल पम्प संचालित किए जा रहे हैं, इस संख्या को भी दोगुना किया जाएगा। रिलायंस समूह सौर ऊर्जा क्षेत्र में बड़े निवेश का इच्छुक है। इसके लिए चंबल क्षेत्र में आवश्यक सर्वे और अध्ययन जारी है। समूह प्रदेश में टेक्सटाईल की संपूर्ण प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना की दिशा में भी निवेश का इच्छुक मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध और उद्योगपतियों तथा निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर है।

# उद्योग स्थापना और निवेश के लिए आकर्षण का केन्द्र बन कर उभरा है मध्यप्रदेश- सीएम चौहान




### देर शाम तक जारी रहा उद्योगपतियों और निवेशकों से वन-टू-वन मीटिंग का दौर

### मुख्यमंत्री चौहान ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश के औद्योगिक समूहों से की चर्चा

इंदौर/ जन प्रकाशन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। देश में प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन, बेहतर कानून-व्यवस्था, दक्ष मानव संसाधन, संसाधन की उपलब्धता ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के प्रभावी क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश उद्योग स्थापना और निवेश के लिए आकर्षण के केन्द्र के रूप में उभरा है। देश ही नहीं जापान, कनाडा, जर्मनी सहित अन्य देशों की बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ भी अपनी इकाइयाँ स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। मुख्यमंत्री चौहान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पहले दिन के दूसरे सत्र में उद्योगपतियों और निवेशकों से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में वन-टू-वन चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री चौहान ने मालद्वीप के डिप्टी मिनिस्टर सादुल्ला अहमद से पर्यटन और दोनों देशों की समान सांस्कृतिक विरासत के संबंध में चर्चा की। कनाडा की कॉउंसिल जनरल डाईड्रा केला से कनाडा के उन्नत कोल्ड स्टोरेज सिस्टम, खाद्य प्र-संस्करण तकनीकों और हाईवे प्रबंधन के अनुभवों का लाभ प्रदेश को उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। जेएसडब्ल्यू सीमेंट एवं पेंटस के पार्थ जिंदल ने प्रदेश में आगामी निवेश के संबंध में चर्चा की। हैटिज इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के एमडी आंद्रे एकहोल्ट ने मध्यप्रदेश में 500 करोड़ के निवेश की बात कही। कॉस्मॉस ग्रेनाइट एण्ड मार्बल के संस्थापक रोहित गंगवाल ने नेचुरल स्टोन और माइनिंग से संबंधित प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की इच्छा जताई। जापान एक्स-ट्रनल समूह के डायरेक्टर जनरल मात्सुनागा मुनेनोरि से मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में जापान ज़ोन बनाने तथा जापान से प्रदेश में अधिक निवेश के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री चौहान से अमेरिका की दूरसंचार सेवा प्रदाता कम्पनी मेसर्स क्वाडजेन वीटल मेन्युफैक्चरिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन तथा कोफाउंडर सी.एस. राव तथा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी त्री होआंग ने इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण संबंधी परियोजना के विभिन्न बिन्दु पर चर्चा की। चेन्नई के एकॉड ग्रुप के डॉ. संदीप आनंद ने प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने तथा कैंसर पर केन्द्रित अस्पतालों की चेन विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। तेलंगाना के ग्रीनको ग्रुप के अनिल कुमार चलमलासेट्टी तथा नरसिम्हा राव ने नीमच में 7200 करोड़ के निवेश से गांधी सागर डेम के समीप 1440 मेगावॉट ऊर्जा क्षमता का सौर ऊर्जा से जल की पम्पिंग पर आधारित ऊर्जा उत्पादन संयंत्र स्थापित करने तथा नीमच की एयर स्ट्रिप के उन्नयन के बारे में चर्चा की। एक्सिस एनर्जी तेलंगाना के रवि कुमार रेड्डी ने ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति तथा नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के संबंध में प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री चौहान से विटेरा इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के मानिक गुप्ता ने सागर जिले में उच्च तकनीक पर आधारित दाल मिल संयंत्र स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की। हाइडलबर्ग सीमेंट इंडिया के जमशेद नवल कपूर ने दमोह में 1000 करोड़ के निवेश से क्लिंकर प्लांट स्थापित करने संबंधी बातचीत की। आईनॉक्स एयर प्रोडेक्ट्स के सिद्धार्थ जैन ने नर्मदापुरम जिले में चिकित्सकीय ऑक्सीजन प्लांट के लिए राज्य शासन से सहयोग तथा प्रदेश में फिल्म थियेटरों की स्थापना पर चर्चा की। थिंक गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रायवेट लिमिटेड के अमित सेन गुप्ता ने प्राकृतिक गैस के उपयोग के संबंध में नीतिगत सुधार और प्रदेश में ग्रीन एनर्जी पार्क विकसित करने के बारे में चर्चा की। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के सीएमडी व्ही.आर. के गुप्ता ने सागर जिले की बीना तहसील में पेट्रो-रसायन परियोजना के संबंध में चर्चा की। चर्चा के दौरान औद्योगिक नीति तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव तथा प्रमुख सचिव मनीष सिंह उपस्थित थे।

# प्रवासी भारतीय सम्मेलन को लेकर चिंटू चौकसे ने लगाए कई आरोप



इंदौर/ जन प्रकाशन

**सतीश शर्मा।** इंदौर शहर में बीते दिन हुए प्रवासी भारतीय सम्मेलन में प्रवासी भारतीयों की नाराजगी का वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां मंच से प्रवासियों से कार्यक्रम के अंतिम दिन माफी मांगी, तो वही इंदौर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने भाजपा और इंदौर नगर निगम पर जमकर सवाल उठाए हैं। चिंटू चौकसे ने एक प्रेस वार्ता कर कहा कि नगर निगम ने करोड़ों रुपए खर्च कर दिए जनता के पैसों का जमकर दुरुपयोग हुआ लेकिन प्रवासी भारतीय जो हमारे अतिथि थे उनका फिर भी सम्मान सत्कार नहीं हो पाया ,चिंटू चौकसे ने आरोप लगाया कि प्रवासियों की नाराजगी से यह साफ हो गया है कि शहर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में हुए प्रवासी भारतीय सम्मेलन का परिणाम शून्य होगा। कांग्रेस नेता चौकसे ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति है, कि अतिथि देवो भव याने के हमारे मेहमान देव तुल्य होते हैं। लेकिन प्रवासियों का अपमान होने के मामले में हमारे शहर ही नहीं बल्कि प्रदेश की छवि खराब की है।

### निगम से खर्च का हिसाब लेगी कांग्रेस

प्रवासी भारतीय सम्मेलन की तैयारी बीते कई माह से इंदौर शहर में जोर-शोर से हो रही थी जहां शहर के चौराहों के साथ सड़कों के दोनों ओर डेंटिंग पेंटिंग सहित कई तरह के नवाचार किए गए हैं। दिवाईडरो का नवीनीकरण हुआ है, जगह-जगह आकर्षक लाइटें लगाई गई है, ऐसे तमाम नए उपक्रम लगाने के बावजूद प्रवासियों की नाराजगी से पूरे काम पर पानी फिर गया यह कहते हुए नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि नगर निगम ने महापौर की छत्रछाया में जो जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। उसका हिसाब निगम से कांग्रेस पूछेगी और उन्हें हिसाब जनता को देना होगा।

# विकसित भारत के निर्माण में मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका होगीः पीएम मोदी

आगामी चार-पांच वर्षों में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी।

विश्व भर के निवेशकों के लिए भारत आकर्षण का केंद्र।

प्रमोशन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम का लाभ लें।

नई संभावनाएं इंतजार कर रही हैं, भारत में निवेश करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने इंदौर में सातवीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का वर्चुअल शुभारंभ किया।

गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली और सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी विशिष्ठ रूप से शामिल हुए।




इंदौर/ जन प्रकाशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की आजादी का अमृत काल शुरू हो चुका है। सभी पूरी गति से विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। ऐसे में मध्यप्रदेश का सामर्थ्य और संकल्प निर्णायक भूमिका निभाएगा। आस्था, अध्यात्म से लेकर पर्यटन तक और कृषि, शिक्षा से लेकर दक्षता संवर्धन तक मध्य प्रदेश अजब भी है, गजब भी है और सजग भी। विकसित भारत के निर्माण में मध्य प्रदेश की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में सातवीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का वर्चुअल शुभारंभ किया। गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली और सुरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी कार्यक्रम में विशिष्ठ रूप से शामिल हुए और संबोधन दिया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क से वर्चुअल संबोधन दिया। प्रमुख निवेशकों ने भी मध्यप्रदेश में निवेश के संबंध में अपने विचार रखे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हर भारतीय ही नहीं, दुनिया की हर संस्था, दुनिया का हर विशेषज्ञ भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकते सितारे की तरह देख रहा है। हमारे मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल्स दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। आगामी चार पांच वर्षों में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। यह वैश्विक पटल पर भारत का दशक नहीं, बल्कि भारत की शताब्दी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज विश्व भर के निवेशकों के लिए भारत आकर्षण का केंद्र है। इसका कारण है उनका भारत में अदम्य विश्वास। भारत में सशक्त प्रजातंत्र है, युवा शक्ति है, राजनैतिक स्थिरता है, तेजी से निर्णय लेने की क्षमता है, ईज ऑफ लिविंग है, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। भारत रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म के मार्ग पर चल रहा है। भारत में विकास की अभूतपूर्व गति है। वर्ष 2014 से हम तेज गति से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में निवेश के लिए हर आवश्यक सुविधा है, नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम है, श्रम कानूनों को सरल किया गया है, विभिन्न पाबंदी हटाई गई है, आधुनिक और मल्टी मॉडल अधोसंरचना है, दुनिया का सबसे प्रतिस्पर्धी लॉजिस्टिक मार्केट है, लॉजिस्टिक नीति लागू की गई है, गांव-गांव में ऑप्टिकल फाइबर है, 5G नेटवर्क है, बीते 8 वर्षों में हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों की गति दोगुना हो गई है, ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स की संख्या भी दोगुनी हो चुकी है, हमारे पास डेडीकेटेड इंडस्ट्रियल कॉरिडोर है, एक्सप्रेस वे हैं, लॉजिस्टिक पार्क हैं, हमारी पोर्ट क्षमता भी बढ़ी है। पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान अधोसंरचना विकास का राष्ट्रीय प्लेटफार्म है। बैंकिंग सेक्टर का रीकैपिटलाइजेशन किया गया है, वन नेशन वन टैक्स है, कई क्षेत्रों में शत प्रतिशत एफडीआई की अनुमति है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नया भारत प्राइवेट सेक्टर की ताकत पर भी पूरा भरोसा करता है। अब निजी क्षेत्र के दरवाजे रक्षा, खनिज, अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्रों के लिए भी खोल दिए गए हैं। ये सब हमारी विकास की गति को तेज करेंगे और मेक इन इंडिया को नई ताकत प्रदान करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में निवेशकों के लिए प्रमोशन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (PLI) लागू की गई है, जो अत्यधिक लोकप्रिय हो रही है। इस योजना में अभी तक ढाई लाख करोड़ इंसेंटिव्स की घोषणा की गई है, चार लाख करोड़ का उत्पादन हुआ है और मध्य प्रदेश में भी इस योजना का लाभ लेते हुए सैकड़ों करोड़ का निवेश हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने निवेशकों से कहा कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लें।

सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी वसुधैव कुटुम्बकम के भाव से कार्य कर रहे है। अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य हो रहा है। भारत नेतृत्व कर रहा है। सूरीनाम भारत के साथ विभिन्न क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग करेगा।

गयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने कहा कि वे मध्यप्रदेश आकर और प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान से मुलाकात कर प्रसन्न हुए हैं। मध्यप्रदेश में सुशासन और अच्छी नीतियों के कारण विकास की गति बढ़ी है। इंदौर शहर की स्वच्छता और सुंदरता का उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। इन विशेषताओं के कारण मध्यप्रदेश में अनेक उद्योग आ रहे हैं। गयाना भी औद्योगिक विकास में भागीदार बनेगा। राष्ट्रपति अली ने गयाना के क्रिकेट महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरने का उल्लेख किया।

## उद्योगों के लिये 24 घंटे में आवंटित करेंगे भूमि

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इंदौर में हो रही यह समिट सही अर्थ में वैश्विक है। इस समिट में जहाँ दो देशों सूरीनाम और गयाना के राष्ट्रपति आये हैं, वही समिट में मारीशस के वित्त मंत्री, बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री, जिंबॉब्वे के खनिज मंत्री भी आए हैं। विश्व के 33 देशों के प्रतिनिधि आए हैं। कुल 84 देशों के 431 डेलिगेट्स आए हैं। आज मध्यप्रदेश की विशेषताओं की विशेष चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में उद्योगों के लिए तैयार वातावरण से उद्योगपति परिचित हुए हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि एक समय मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था। जब इंदौर के सुपर कॉरीडोर और सड़कों की चर्चा होती थी तो मैं अमेरिका से तुलना करता था। आज विश्व के अनेक देशों के प्रतिनिधि स्वच्छता सहित बुनियादी क्षेत्रों में हुए कार्य को देख रहें हैं। हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिये निरंतर कार्य हो रहा है। अब गेहूँ सहित मध्यप्रदेश के अन्य उत्पाद निर्यात हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने वर्ष 2026 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की बात कही है। इसमें मध्यप्रदेश का योगदान 550 बिलियन डालर से कम नहीं होगा। प्रदेश में 300 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र हैं। अनेक फूड पार्क, प्लास्टिक पार्क हैं और अब मेडिकल डिवाइसेस पार्क भी विकसित हो रहे हैं। निवेशक खुद यह मानने लगे हैं कि मध्यप्रदेश निवेश की दृष्टि से अनुकूल है। फार्मा सेक्टर बधाई का पात्र है, जिसमें कोविड के संकट के समय निरंतर कार्य कर लोगों के हित में भूमिका निभाई। प्रदेश में ऑटोमोबाइल क्षेत्र, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा क्षेत्र, नवकरणीय ऊर्जा में लगातार कार्य किया गया है।

## मैं मध्यप्रदेश में सीईओ के रूप में सदैव उपलब्ध हूँ

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि वे मध्यप्रदेश के सीईओ के रूप में सदैव उपलब्ध हैं। प्रति सोमवार उद्योगपतियों से भेंट के लिये समय तय किया गया है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे स्वच्छ राज्य है और इंदौर देश का स्वच्छतम शहर है। आज प्रदेश विकास की तरफ तेजी से बढ़ा है। आज प्रदेश की विकास दर देश में सर्वाधिक है. हम तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। भारत की जीडीपी में मध्यप्रदेश का विशेष स्थान है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 37 हजार हो गई है, लेकिन हमें चैन नहीं है इसलिए मध्य प्रदेश में निरंतर कार्य हो रहा है। प्रदेश को ओर आगे ले जाना है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जमीन की मांग 24 घंटे में पूरी करेंगे। प्रदेश में जमीन की पर्याप्त उपलब्धता है। इसे प्राथमिकता से औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिये प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। मध्यप्रदेश उद्योगों के लिए बनाये गये लैंड बैंक में लगभग 2 लाख एकड़ भूमि की उपलब्धता है। प्रदेश में अनेक खनिज हैं। जहाँ तक ऊर्जा उत्पादन की बात है 25 हजार मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। दिल्ली की मेट्रो रेल भी मध्यप्रदेश की बिजली के सहयोग से चलती है। पानी की कमी नहीं है। औद्योगिक शांति है। प्रदेश से दस्युओं का आतंक समाप्त किया गया है। सुशासन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। ब्यूरोक्रेसी सहयोगी है। उद्योग लगाने जो भी आयेंगे उन्हें मंत्रीगण भी सहयोग करेगे। मध्य प्रदेश में 11 जलवायु क्षेत्र हैं।

आदित्य बिरला ग्रुप के कुमार मंगलम ने कहा कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति प्रदेश को निवेश की दृष्टि से सभी रूप से उपयुक्त बनाती है। हमारे समूह के प्रदेश से ऐतिहासिक संबंध है। समूह का 60 हजार करोड़ का निवेश प्रदेश में है। औद्योगिक नीति तथा स्टार्टअप नीति भविष्य में निवेश की दृष्टि से उपयुक्त हैं।

एक्ससेंचर की रीता मेनन ने कहा कि कौशल उन्नयन के क्षेत्र में प्रदेश की पहल सराहनीय है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट क्षेत्र में उपयुक्त वातावरण विकसित करने की आवश्यकता है।

जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पार्थ मित्तल ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान ने हमें प्रदेश में निवेश के लिए प्रेरित किया। हमारे समूह की प्रदेश में 4500 करोड़ के निवेश की योजना है। इसके अंतर्गत पन्ना में सीमेंट प्लांट और पीथमपुर में 1500 करोड़ की लागत से पेंट की इकाई लगाई जा रही है।

रिलायंस ग्रुप के निखिल आर. मेसवानी ने कहा कि दिसम्बर 2023 तक प्रदेश की सभी तहसीलों में 5जी की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। किफायती डिजिटल सुविधाओं से छात्रों, किसानों और आम आदमी को लाभ होगा। रिलायंस ग्रुप राज्य में अब तक 22 हजार 500 करोड़ का निवेश कर चुका है तथा 40 हजार करोड़ के निवेश की योजना है।

बजाज फिनसर्व के संजीव बजाज ने कहा कि बजाज समूह का भविष्य मध्यप्रदेश के भविष्य से जुड़ा है। हम प्रदेश के सामान्य व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए समर्पित हैं।

अवादा ग्रुप के विनीत मित्तल ने कहा कि प्रदेश में टैलेंट पुल की सुविधा उपयुक्त है। देश के सभी भागों से आवागमन की सुविधा के परिणाम स्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे तकनीकी रूप से दक्ष व्यक्तियों के लिए प्रदेश में निवास सुगम रहता है। प्रदेश का वातावरण भी लोगों को आकर्षित करता है। मुख्यमंत्री चौहान की राज्य को 550 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रतिबद्धता को देखते हुए हमारे समूह ने यहां निवेश का निर्णय है।

अडानी ग्रुप के प्रणव अडानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ईज ऑफ डूईंग बिजनेस में विभिन्न राज्यों में प्रतिस्पर्धी वातावरण निर्मित किया है। मध्यप्रदेश इसमें अग्रणी राज्यों में है। अडानी समूह 60 हजार करोड़ का निवेश करने जा रहा है। जिससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। समूह द्वारा धार, गुना, दमोह, उज्जैन और इंदौर में फूड पार्कस स्थापित किए जा रहे हैं। अडानी ने सीमेंट, ऊर्जा के क्षेत्र में समूह के योजनाओं की जानकारी दी। अडानी ने कहा कि सद्भावना के साथ विकास के सिद्धांत के अनुरूप समूह शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण के क्षेत्र में भी सक्रिय है।

गोदरेज समूह के नादिर गोदरेज ने मध्यप्रदेश में गोदरेज समूह की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। फोर्स ग्रुप के फिरोदिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने आभार व्यक्त किया।

# छात्रवृति नहीं मिलने से नाराज विद्यार्थियों ने प्रदेश सरकार के ख़िलाफ़ खोला मोर्चा

## अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर किया प्रदर्शन



उज्जैन/जन प्रकाशन

डॉ. अंबेडकर विद्यार्थी संगठन (डीएवीएस) के बैनर तले सैकड़ो विद्यार्थियों ने बुधवार को टावर चौक पर छात्रवृति नहीं मिलने से नाराज होकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने अपनी 11 सूत्री मांग रखी और सीएम शिवराज सिंह के खिलाफ हल्ला बोला। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने सीएम के फोटो पर चुडिया भेट कर पुतला जला दिया।

प्रदर्शन कर रहे छात्र अपने अपने हाथो में तख्तियां लेकर पहुंचे थे। उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि शिक्षा सत्र 2021-22 बीत चुका है और अब सत्र 2022-23 भी आ गया है लेकिन विद्यार्थियों को शासन की ओर से अब तक छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे छात्रों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। आवास योजना के लिए भी नया नियम लागू कर दिया है। इस कारण अब 50 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को आवास योजना में शामिल नहीं किया जा रहा है। इन्हीं दो मुख्य बिंदुओं को लेकर जिलेभर से विद्यार्थी उज्जैन में एकत्रित हुए और टावर चौक पर धरना प्रदर्शन किया।

डॉ. अंबेडकर विद्यार्थी संगठन (डीएवीएस) के बैनर तले यह प्रदर्शन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम सोलंकी ने बताया शिक्षा सत्र 2021-22 के अंतर्गत ओबीसी वर्ग में आने वाले किसी भी विद्यार्थी को अब तक छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिली है 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और सीएम को चूड़ी भेट कर उनका पुतला जलाया गया है।

# मालवांचल के अधिकांश क्षेत्र में बढ़ेगी ठंड

## रात का पारा लगातार गिरता हुआ



इंदौर/जन प्रकाशन

मालवांचल सहित इंदौर में फिर ठंड ने दस्तक दे दी।मकर सक्रांति के बाद तक लगातार ठंड के बढ़ने के आसार है। न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है।

दरअसल इस सीजन में पहली बार इंदौर में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे आता नजर आ रहा है सुबह शहर में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री दर्ज किया गया । जिसके कारण लोगो को गर्म कपड़ों के साथ अलाव की ज़रूरत महसूस हो रही है।

उत्तर पूर्वी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई वही हवा की गति और शीत लहर के चलते हवा की गति भी बड़ी हुई है जिससे शहर वासियों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया है।वही ग्रामीण मौसम विभाग की माने तो फिलहाल अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 7 से 8 होने की संभावना बनी है।वही धुंध को लेकर कहा कि पूर्वी हवा चलने से मालवाअंचल में नीमच मंदसौर और उज्जैन में कोहरा देखने को मिला और आने वाले 2 से 3 दिन इसी तरह कोहरे की संभावना भी बनी हुई है।

### इंदौर की बात करें तो इंदौर में हल्का कोहरा आगामी 2 से 3 दिन में देखने को मिलेगा

मौसम विभाग के जानकार की माने तो रविवार रात में उत्तरी और उत्तर पूर्वी हवाएं के चलते शहर में ठंडक घुल गई जिससे लोगो को ठंड का अहसास करा दिया,वही मंगलवार को सुबह धुंध रहने से शहर में दृश्यता 1700 मीटर दर्ज की गई। वही पिछले 24 घंटे में शहर में उत्तर पूर्वी व पूर्वी हवाएं अधिकतम 0.041 प्रति घण्टाकिलोमीटर की गति से चली जिससे लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। आपको बता दें कि सोमवार को शहर में न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री था जो सामान्य से दो डिग्री अधिक था। वही सोमवार के मुकाबले मंगलवार को न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

# भूलेंगे नही मालवा का अतिथि- सत्कार : प्रवासी भारतीय





इंदौर/जन प्रकाशन

प्रवासी भारतीय अतिथि गण के सम्मान में श्री महाकाल लोक त्रिवेणी परिसर में मालवा के आतिथ्य स्वरूप भोज का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400 अतिथि सम्मिलित हुए। सभी ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की व प्रवासी सम्मेलन के साथ उंज्जैन श्री महाकाल लोक व श्री महाकालेश्वर मंदिर दर्शन के अनुभव को अलौकिक बताया। मंदिर समिति द्वारा सभी अतिथिगण को दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रसाद व भगवान श्री महाकाल की सुंदर तस्वीर भैंट की गई।

# माता-पिता की सेवा करोगे तो मिलेगा मेवा—कैबिनेट मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर




इंदौर/जन प्रकाशन

मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ग्लोबल सम्मिट कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए इंदौर पहुंचे जहां युवाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर युवाओं को संदेश दिया कि माता-पिता की सेवा करोगे तो मेवा मिलेगा और मैंने भी अपने माता-पिता की सेवा की है उसी कारण से आज मेवा खा रहा हूं।

दरअसल इंदौर में सतीश पवार मित्र मंडल द्वारा निजी होटल में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर की अगुवाई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।पिछले दिनों मंत्री तोमर का जन्मदिन था और इसी के लिए इंदौर पहुंचे तो भारी संख्या में युवाओं ने उनका जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया ।इस दौरान प्रदुमन सिंह तोमर ने युवाओं को संदेश देते हुए मंच से कहा कि मैं शुरू से ही अपने माता-पिता की सेवा करता आया हूं और समय बीता गया फिर मैं जनता से जुड़ा और जनता की सेवा में जुड़ गया इन तमाम अच्छे कार्यों और सेवा भाव के कारण आज में मेवा खा रहा हूं और इसी कारण से युवाओं को भी संदेश देता हूं कि अगर भविष्य में आगे बढ़ना है तो अपने माता-पिता की सेवा करते रहें वही एक रास्ता है जो आपको भविष्य में आगे ले जा सकता है और मेरी तरह आप सभी युवाओं को भी मेवा खाने को मिलेगा।

# इन्वेस्टर के लिए जमीन है उपलब्ध...शांति का टापू है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री शिवराज



इंदौर/जन प्रकाशन

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्वेस्टर समिट के दौरान उद्योगपतियों के बीच कहा कि एमपी शांति का टापू है, यह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सचमुच ग्लोबल है। 10 देशों ने भाग लिया है। दुनिया के 33 देशों के प्रतिनिधि हैं। 84 देशों के डेलीगेट आए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह बोले कि लंदन वालों ने कहा की इंदौर की सड़के तो लंदन से अच्छी है। मध्य प्रदेश दुनिया की स्वच्छ राजधानी है। भारत की जीएसटी में हमारा योगदान है। यह 4.6 % है। हमारा एक्सपोर्ट 60000 करोड से ज्यादा का हुआ है। भावी इन्वेस्टमेंट के लिए यह प्लेटफार्म है, सबको मिलाने का। मध्य प्रदेश को 550 बिलीयन डॉलर की इकोनामी बनाएंगे। सुविधाओं के लिहाज से देखें तो नंबर वन है, 2 लाख हेक्टेयर जमीन का लैंड बैंक है। हमारे पास इन्वेस्टर्स नक्शे पर उंगली रख कर कह दे, यह जमीन हमें चाहिए, हम दे देंगे। हम उनको 24 घंटे में आवंटित करके दे देंगे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा की मध्यप्रदेश शांति का टापू है। एक जमाना था, जब यहां अशांति थी, जब भाजपा ने सरकार बनाई तो, मैंने कह दिया, प्रदेश में या तो डाकू रहेंगे या शिवराज रहेगा। सभी डाकुओं का सफाया कर दिया। उसके बाद डाकू पनप नहीं पाए । इंदौर का सराफा हमने 24 घंटे के लिए खोल दिया है। लोग रात के 2 बजे भी वहां जाते हैं।

# पृथ्वी शॉ का रणजी में तिहरा शतक



**एजेंसी/ गुवाहाटी**

रणजी ट्रॉफी में मुंबई के पृथ्वी शॉ ने करियर अपना पहला तिहरा शतक जड़ा। उन्होंने 383 बॉल पर 379 रन की पारी खेली। यह रणजी ट्रॉफी इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी पारी है। उनसे पहले 1948-49 के सीजन में बीबी निंबालकर ने महाराष्ट्र के लिए 443 रन की नॉटआउट पारी खेली थी।

पृथ्वी का स्कोर रणजी ट्रॉफी में किसी ओपनर का सबसे बड़ा स्कोर भी है। उन्होंने त्रिपुरा के समित गोहेल का रिकॉर्ड तोड़ा। गोहेल ने 2016 में 359 रन की नाबाद पारी खेली थी।

मुंबई और असम के बीच गुवाहाटी में रणजी ट्रॉफी के राउंड-5 का मैच खेला जा रहा है। पहले दिन मंगलवार को मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 397 रन बनाए। पृथ्वी तब 240 के स्कोर पर नाबाद थे। बुधवार को पहले सेशन में ही उन्होंने 326 गेंदों पर अपना तिहरा शतक पूरा किया। वह 379 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी में उन्होंने 49 चौके और 4 छक्के लगाए। रणजी ट्रॉफी में यह उनका बेस्ट स्कोर भी है। इससे पहले उन्होंने 2019-20 के रणजी सीजन में बड़ौदा के खिलाफ 202 रन बनाए थे। मुंबई ने दूसरे सेशन तक 127 ओवर में 3 विकेट पर 608 रन बना लिए हैं। उनके कप्तान अजिंक्य रहाणे शतक बनाकर सरफराज खान के साथ खेल रहे हैं।

### 33 साल पुराना संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड तोड़ा

इस पारी के साथ ही पृथ्वी ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। उनसे पहले 1990-91 के सीजन में संजय मांजरेकर ने मुंबई के लिए हैदराबाद के खिलाफ 377 रन की पारी खेली थी। मुंबई की टीम इस सीजन के 4 में से 2 मैच जीतकर एलिट ग्रुप-बी के पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने एक मैच हारा और एक ड्रॉ भी खेला। टीम के 16 पॉइंट्स हैं। 19 पॉइंट्स के साथ सौराष्ट्र की टीम इस ग्रुप में टॉप पर है। इस ग्रुप की टॉप-2 टीमें नॉकआउट राउंड खेलेंगी।



# आईसीसी टी-20 रैंकिंग सूर्या नं. 01

## 908 रेटिंग पॉइंट पाने वाले पहले भारतीय बने

**स्पोर्ट्स/ जन प्रकाशन**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बुधवार को टी-20 इंटरनेशनल की नई रैंकिंग जारी कर दी है। बैटर्स की लिस्ट में सूर्यकुमार यादव करियर बेस्ट 908 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर बरकरार हैं। ICC टी-20 बैटर्स रैंकिंग में 900 से ज्यादा रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने वाले सूर्यकुमार पहले ही भारतीय हैं। वहीं, मंगलवार को शतक जड़ने वाले विराट कोहली वनडे रैंकिंग में नंबर 2 स्थान के सुधार के साथ 6ठे नंबर पर पहुंच गए हैं।

### कोहली वनडे में 6ठे स्थान पर

श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को शतक जड़ने वाले विराट कोहली वनडे रैंकिंग में 2 स्थान के सुधार के साथ 6ठे नंबर पर पहुंच गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा को भी एक रैंक का फायदा हुआ वह 715 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 891 पॉइंट्स के साथ टॉप वनडे बैटर हैं। वनडे के बॉलर्स रैंकिंग में कोई भी भारतयी टॉप-10 में शामिल नहीं है। श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज 18वें नंबर पर पहुंचे। उनके बाद जसप्रीत बुमराह 19वें नंबर पर हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में किसी भी भारतीय प्लेयर का नाम टॉप-20 तक में नहीं है।

# मलेशिया ओपन में श्रीकांत-साइना पहले राउंड हारे





**एजेंसी/ कुआलालम्पुर**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और साइना नेहवाल को मलेशिया ओपन के पहले राउंड में हार झेलनी पड़ी। पुरुष सिंगल्स कैटेगरी के पहले राउंड में श्रीकांत को जापान के केंटा निशिमोटो ने लगातार गेम में 21-19, 21-14 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच 42 मिनट तक मुकाबला चला। श्रीकांत और निशिमोटो सातवीं बार आमने-सामने हुए थे।

निशिमोटो की यह श्रीकांत के खिलाफ 2018 के बाद पहली और ओवरऑल दूसरी जीत है। इससे पहले निशिमोटो ने श्रीकांत को 2018 हॉन्ग कॉन्ग ओपन में लगातार गेम में हराया था। इसके अलावा महिला सिंगल्स कैटेगरी में साइना नेहवाल को भी पहले राउंड में हार झेलनी पड़ी। साइना को चीन की हान यू ने तीन गेम में 21-12, 17-21, 21-12 को हराया। हान यू ने दूसरी बार जीत हासिल की। दो बार कॉमनवेल्थ गेम्स की चैम्पियन रहीं साइना को चीन की हान यू ने 21-12, 17-21, 21-12 से हराया. चोटों और खराब फॉर्म के कारण साइना पिछले साल भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थीं.

## मनोरंजन

# RRR फिल्म के 'नाटू नाटू' गाने ने मचाई धूम

## 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में जीता 'बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग' का खिताब



**एजेंसी/ लॉस एंजिलिस**

पीरियड एक्शन फिल्म RRR के गाने 'नाटू नाटू' ने 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में 'बेस्ट ओरिजिनल गाने' का खिताब अपने नाम किया है। म्यूजिक कंपोजर एमएम कीरावानी इस अवॉर्ड को लेने के लिए स्टेज पर पहुंचे। फिल्म में जूनियर एनटीआर और राम चरण ने 1920 के ब्रिटिश उपनिवेशवाद के समय भारत के स्वतंत्रता सेनानी कोमाराम भीम और अल्लूरी सीतारामाराजू का किरदार निभाया था।

एसएस राजामौली की RRR फिल्म ने सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया था। फिल्म ने करोड़ों की कमाई कर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म के कहानी ही नहीं इसके गानों ने भी इतिहास रच दिया है। अब पीरियड एक्शन फिल्म RRR के गाने 'नाटू नाटू' ने 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में 'बेस्ट ओरिजिनल गाने' का खिताब अपने नाम किया है। इसे बेस्ट सॉन्ग (मोशन पिक्चर) की कैटगरी में नॉमिनेट किया गया था। इंडिया के झोली में दो दशक बाद ये अवॉर्ड आया है। म्यूजिक कंपोजर एमएम कीरावानी इस अवॉर्ड को लेने के लिए स्टेज पर पहुंचे। नाम अनाउंस होते ही फिल्म की स्टार कास्ट झूमती हुई नजर आई। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुरस्कार मिलने के बाद फिल्म इंडस्ट्री ने भी फिल्म की टीम को बधाई दी है।

फिल्म में जूनियर एनटीआर और राम चरण ने 1920 के ब्रिटिश उपनिवेशवाद के समय भारत के स्वतंत्रता सेनानी कोमाराम भीम और अल्लूरी सीतारामाराजू का किरदार निभाया था। फिल्म में आलिया भट्ट और अजय देवगन के साथ-साथ ब्रिटिश एक्टर रे स्टीवेन्सन, एलिसन डूडी और ओलिविया मॉरिस ने भी काम किया था।

इसके बोल काला भैरवा और राहुल सिप्लीगुंज ने लिखे हैं। एमएम कीरवानी ने इस गाने को कंपोज किया। प्रेम रक्षित ने नाटू नाटू गाने को कोरियोग्राफ किया था। इस गाने की शूटिंग यूक्रेन में हुई थी। इस गाने के हुकस्टेप के लिए 80 वेरिएशन तैयार किए गए थे। रामचरण और जूनियर एनटीआर ने इसके लिए 18 रीटेक दिए थे। 'नाटू नाटू' तेलुगू गाना है, बाद में गाने का हिंदी वर्जन 'नाचो नाचो' रिलीज किया गया था। RRR एक तेलगू फिल्म थी जिसे हिंदी वर्जन में भी रिलीज किया गया था। 500 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 1200 करोड़ से अधिक की कमाई की थी।

# अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ की जोड़ी फिर बड़े पर्दे पर मचाएगी धमाल

**एजेंसी/ मुंबई**

बॉलीवुड इंडस्ट्री के दो दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ ने अपनी फिल्मों से लोगों के बीच खास जगह बनाई है। इन दोनों ने अपनी फिल्मों में मनोजरन करने के साथ ही एक साथ कई फिल्में की हैं और एंटरटेनमेंट का डबल डोज दिया है। अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ ने करीब 12 फिल्मों में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। इन दोनों एक्टर्स को आखिरी बार साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म 'शूटआउट एट वडाला' में एक साथ देखा गया था। अब खबर आ रही है कि अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ की करीब एक दशक बाद फिर से जोड़ी बनने वाली है।

### सुभाष घई की फिल्म में नजर आ सकते हैं अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ

रिपोर्ट के मुताबिक, अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ फिर से एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई के प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म 'चोर पुलिस' में अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ काम करते हुए दिखाई दे सकते हैं। इस फिल्म को अनीस बज्मी और पट्टू पारेख ने लिखा है। जैकी श्रॉफ से जब फिल्म 'चोर पुलिस' में अनिल कपूर के साथ काम करने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'काश ऐसा होता।'

### अनिल कपूर को लेकर ये बात बोले जैकी श्रॉफ

अनिल कपूर के साथ जैकी श्रॉफ ने अपने बॉन्डिंग को लेकर बोला, 'हमने अपने करियर की शुरुआत में एक-दूसरे को भाई माना था। मुझे लगता था कि ऐसा इसलिए भी है कि क्योंकि हम दोनों की मूंछें थीं। वह मुझसे एक साल सीनियर हैं, लेकिन उन्होंने ज्यादातर मेरे छोटे भाई की भूमिका निभाई है। असल जिंदगी में मैं उनके छोटे भाई की तरह हूं। मैं कई चीजों पर उनकी सलाह लेता हूं, जैसे मुझे किस तरह की फिल्में करनी चाहिए और देखनी चाहिए। हम दोनों 80 के दशक में को-स्टार्स हैं और आज तक दोस्त हैं।'

### अनीस बज्मी ने फिल्म को लेकर दिया बयान

अनीस बज्मी ने कहा, 'अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ से संपर्क किया गया है। वे दोनों सुभाष घई को उतना ही प्यार करते हैं जितना मैं। मुझे यकीन है कि वे दोनों उनके लिए फिल्म के लिए तैयार हो जाएंगे। उनका हक है और प्यार है। ये वो लोग हैं जो रिश्तों को पहले रखते है। मैं अभी तक उनसे मिला नहीं हूं लेकिन मुझे यकीन है कि वे दोनों जानते हैं कि हमने उनके लिए कुछ अच्छा लिखा होगा जो फिल्म में उनके होने को सही ठहराता है।' अनीष बज्मी ने आगे कहा, 'मैंने अनिल कपूर के साथ बहुत काम किया है लेकिन मैंने जैकी श्रॉफ के साथ ज्यादा काम नहीं किया है। वह बहुत जिंदादिल इंसान हैं और वह जब भी मिलते हैं बहुत प्यार से मिलते हैं।

# शाहरुख खान ने लॉन्च की हुंडई Ioniq-5 EV

## 44.95 लाख रु की यह SUV सिंगल चार्ज में 621KM चलेगी

एजेंसी /दिल्ली

दिल्ली में चल रहे ऑटो एक्सपो-2023 में साउथ कोरियन कार मेकर हुंडई ने अपनी फ्लैगशिप Ioniq 5 इलेक्ट्रिक SUV लॉन्च की है। कंपनी ने हुंडई Ioniq 5 को 44.95 लाख रुपए (पहले 5000 कस्टमर्स के लिए एक्स-शोरूम प्राइस) की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है। ऑटो एक्सपो में इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक व्हीकल को बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान ने पेश किया।



### हुंडई ने Ioniq 6 EV भी पेश की है

ऑटो एक्सपो में हुंडई ने अपने पोडियम पर Ioniq 5 के अलावा Ioniq 6 EV को भी पेश किया। Ioniq 6 का ड्रैग कॉफिशिएंट 0.21 है, जो अभी तक की हुंडई की पूरी लाइन-अप में सबसे कम है। यह सिर्फ 18 मिनट में 10 से 80% फीसदी तक चार्ज हो सकती है। लॉन्च होने पर Ioniq 6 EV को 2 कॉन्फिगरेशन में पेश किया जाएगा। पहला एक लॉन्ग रेंज वर्जन होगा, जो 77.4 kW बैटरी पैक के साथ आएगा। वहीं इसका दूसरा वर्जन लो-रेंज 53 kW बैटरी पैक के साथ लॉन्च किया जाएगा। इसका लो-रेंज वर्जन 429km की मैक्सिमम रेंज देगा। हुंडई Ioniq 6 EV 2023 में ही नॉर्थ अमेरिकी और यूरोपियन मार्केट्स में सेल की जाएगी।

### हुंडई Ioniq 5: स्पेसिफिकेशन, रेंज एंड डाइमेंशंस

हुंडई Ioniq 5 को 72.6kWh बैटरी पैक के साथ पेश किया गया है, जो 621KM की ARAI-सर्टिफाइड रेंज देती है। Ioniq 5 हुंडई के 800V eGMP प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है और क्रॉसओवर बैटरी पैक 2 एक्सल के बीच दिया गया है। यह कार रैपिड फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है और इसे 350kW तक की स्पीड से रिचार्ज किया जा सकता है। उन स्पीड्स को सपोर्ट करने वाले DC चार्जर से कनेक्ट होने पर Ioniq 5 की बैटरी केवल 18 मिनट में 10 से 80% तक रिचार्ज कर सकती है। Ioniq 5 का बैटरी पैक रियर एक्सल से जुड़ी एक सिंगल इलेक्ट्रिक मोटर को फीड करता है, जो 214.5bhp और 350Nm का पीक टॉर्क जनरेट करती है। यह कार महज 7.4 सेकंड में 0-100 Kmph की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी टॉप स्पीड 185 Kmph है।

### हुंडई Ioniq 5: डिजाइन और फीचर्स

Ioniq 5 को बहुत आकर्षक डिजाइन दी गई है। यह लार्ज क्रॉसओवर आपको 1980 के हैचबैक की याद दिलाती है। जिसमें कुछ शानदार मॉडर्न टेक्निक का मिश्रण है। इसमें पैरामीट्रिक पिक्सेल-स्टाइल की हेडलाइट्स और टेललाइट्स दी गई हैं। Ioniq 5 के इंटिरियर की बात करें तो इसके डैशबोर्ड के ऊपर इंफोटेनमेंट और इंस्ट्रूमेंटेशन के लिए डुअल डिस्प्ले दिया गया है। इसमें एक कॉलम-टाइप गियर शिफ्टर और सभी सीटों के लिए एक मेमोरी फंक्शन भी है, जिसमें आगे की सीटों में हीटिंग और वेंटिलेशन दोनों हैं। हुंडई Ioniq 5 के अन्य फीचर्स की बात करें तो इसमें व्हीकल 2 लोड शामिल है, जो EV को एक मेसिव पावर बैंक, हीटेड ORVMs, हैंड्स-फ्री पावर्ड टेलगेट और बोस साउंड सिस्टम को यूज करने अनुमति देता है।

### Ioniq 5 के सेफ्टी फीचर्स

Ioniq 5 के सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें सेफ्टी टेक के साथ 6 एयरबैग दिए गए हैं। इसके अलावा इसमें हुंडई स्मार्ट सेंस सूट के हिस्से के रूप में 21 लेवल 2 ADAS फीचर्स भी दिए हुए हैं।

# मारुति की ऑफ रोडर जिम्नी लॉन्च



एजेंसी/ दिल्ली

ऑटो एक्सपो के दूसरे दिन मारुति सुजुकी ने अपनी ऑफ रोडर SUV जिम्नी को लॉन्च कर दिया है। जिम्नी इंटरनेशनल मार्केट में काफी साल से मौजूद है। मारुति इसे पिछले पांच साल से अलग-अलग इवेंट्स में दिखाती आ रही है, लेकिन 2023 में आखिरकार इसे लॉन्च कर दिया गया है। भारत में जिम्नी का 4 व्हील ड्राइव और 5 डोर वर्जन लाया गया है।

इस ऑफ रोडर कार में 1.5 लीटर, 4 सिलिंडर K-15-B पेट्रोल इंजन दिया जाएगा। यह 6,000 RPM पर 101 BHP का पावर और 4,000 RPM पर 130 NM का टार्क जनरेट करेगा। कार में 5-स्पीड मैनुअल और 4 स्पीड ऑटोमैटिक का ऑप्शन मिलेगा। इस SUV में ऑटो LED हेडलैंप्स विद वॉशर दिया गया है। साथ ही इसमें स्टेट ऑफ द आर्ट एंटरटेनमेंट सिस्टम भी मिलेगा।

### मारुति ने प्रीमियम SUV फ्रॉन्क्स भी लॉन्च की

मारुति सुजुकी ने अपनी प्रीमियम SUV फ्रॉन्क्स को भी लॉन्च कर दिया है। युवाओं को ध्यान में रखकर इसे 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ पेश किया गया है। कंपनी का दावा है कि इसमें दिए गए फीचर इसे लाइफस्टाइल कस्टमर्स के लिए आइडियल बनाते हैं। बताया जा रहा है कि मारुति इन्हें अपनी प्रीमियम डीलरशिप नेक्सा के जरिए बेचेगी।

### MG लाई हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली कार

एक्सपो में दूसरे दिन की शुरुआत में MG ने हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली कार यूनिक-7 (Euniq 7) लॉन्च की। इस कार में P390 फ्यूल सेल दिया गया है। कंपनी का कहना है कि इसके 6.4 लीटर के टैंक की रीफ्यूलिंग में महज तीन मिनट का समय लगेगा। वहीं फुल टैंक के साथ इसकी रेंज 605 KM बताई गई है। कंपनी ने इसे क्लीन मोबिलिटी के लिए अहम बताया है। आज ही आईसुजु, अल्ट्रावॉयलेट, जुपिटर और बेनेली जैसी कंपनियां भी अपने व्हीकल पेश करेंगी। एक्सपो का पहला दिन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के नाम रहा। यहां सभी कंपनियों ने मिलकर 59 गाड़ियों को पेश (लॉन्च और अनवील) किया था।

### आम लोगों के लिए 13 से 18 जनवरी तक एंट्री

ऑटो एक्सपो मोटर शो ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहा है। इसे 'द मोटर शो' नाम दिया गया है। इसमें 11 और 12 जनवरी मीडिया के लिए रिजर्व हैं। आम लोग 13 से 18 जनवरी तक एक्सपो में जा सकेंगे। टाइमिंग सुबह 11 से रात 8 बजे तक रहेगी।

### कई बड़े ऑटो मेकर्स इवेंट में शामिल नहीं

इस बार इवेंट में महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्कोडा, फॉक्सवैगन और निसान के साथ लक्जरी वाहन कंपनियां मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी शामिल नहीं हुई है। इसके अलावा हीरो मोटोकॉर्प, बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर कंपनी जैसे प्रमुख दोपहिया कंपनियों की मौजूदगी एथनॉल पवेलियन में उनके 'फ्लेक्स फ्यूल' प्रोटोटाइप वाहनों के प्रदर्शन तक सीमित है।

# ट्विटर में एक बार फिर की छंटनी



एजेंसी/ मुंबई

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर इंक के मालिक एलन मस्क ने एक बार फिर कंपनी के एम्प्लॉइज की संख्या में बड़ी कटौती की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर ने अपने डबलिन और सिंगापुर ऑफिसों में नए सिरे से छंटनी की अनाउंसमेंट की है। कंपनी ने शुक्रवार को ग्लोबल कंटेंट मॉडरेशन को हैंडल करने वाली 'ट्रस्ट एंड सेफ्टी' टीम और 'हेट स्पीच एंड हैरेसमेंट' यूनिट के दर्जनों कर्मचारियों को निकाल दिया।

### बड़े अधिकारियों को भी नौकरी से निकाला

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, इस छंटनी में ट्विटर के एशिया पैसिफिक रीजन के साइट इंटीग्रिटी के हेड नूर अजहर बिन अयोब भी प्रभावित हुए हैं, जिन्हें हाल ही में हायर किया गया था। इनके अलावा ट्विटर की रेवेन्यू पॉलिसी के सीनियर डायरेक्टर एनालुइसा डोमिंग्वेज को भी कंपनी से बाहर कर दिया गया है।

### सेफ्टी टीम की वाइस प्रेसिडेंट ने छंटनी को किया कंफर्म

वहीं सोशल नेटवर्क की मिसइनफॉरमेशन पॉलिसी, ग्लोबल अपील्स और प्लेटफॉर्म पर स्टेट मीडिया को संभालने वाली टीमों के वर्कर्स को भी निकाल दिया गया है। ट्विटर के 'ट्रस्ट एंड सेफ्टी' की वाइस प्रेसिडेंट एला इरविन ने रॉयटर्स से पुष्टि की है कि कंपनी ने शुक्रवार रात को टीम में कुछ कटौती की हैं, लेकिन डिटेल नहीं दी।

एला इरविन ने कहा, 'हमारे पास ट्रस्ट और सेफ्टी टीम में हजारों लोग हैं, जो कंटेंट मॉडरेशन का काम करते हैं। और उन टीमों में हमने कोई कटौती नहीं की है, जो यह काम रोजाना करती हैं।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ कटौती उन एरियाज में की हैं, जिनमें सफिशिएंट वॉल्यूम में आगे बढ़ने की कमी थी।

### मस्क ने नवंबर में 3,700 कर्मचारियों की छंटनी की थी

अक्टूबर 2022 के आखिरी में एलन मस्क के ट्विटर का 44 बिलियन डॉलर में अधिग्रहण करने के बाद से कंपनी के कर्मचारी कठिन समय से गुजर रहे हैं। कॉस्ट कटिंग के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने नवंबर 2022 की शुरुआत में लगभग 3,700 कर्मचारियों की छंटनी की थी। इसके बाद सैकड़ों एम्प्लॉइज ने इस्तीफा दे दिया था। मस्क के अधिग्रहण के बाद से अब तक 7,500 में से करीब 5,000 एम्प्लॉइज की नौकरी जा चुकी है।

### 90% से ज्यादा भारतीय कर्मचारियों को भी निकाला

वहीं ट्विटर इंडिया की बात करें तो मस्क के अधिग्रहण के कुछ दिनों बाद माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने अपने भारतीय कर्मचारियों में से 90% से ज्यादा को निकाल दिया था। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्विटर के पास भारत में 200 से ज्यादा कर्मचारी थे और छंटनी के बाद अब संख्या घटकर लगभग एक दर्जन रह गई है। भारत में करीब 70% नौकरियां प्रोडक्ट और इंजीनियरिंग टीम के एम्प्लॉइज की गई थीं। इसके अलावा मार्केटिंग, पब्लिक पॉलिसी और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन टीमों में से भी छंटनी की गई थी।

# बैंक ऑफ इंडिया में एफडी पर मिलेगा ज्यादा ब्याज

एजेंसी/ मुंबई

बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। बैंक ने 10 जनवरी 2023 से 2 करोड़ से कम की 444 दिनों की स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट पर ब्याज दरों को बढ़ाया है। बैंक ऑफ इंडिया की ओर से की गई इस बढ़ोतरी के बाद सीनियर सिटीजन को हर साल 0.50% की अतिरिक्त ब्याज दर की सौगात दी जा रही है।

### स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट पर हर साल 7.05% ब्याज मिलेगा

बैंक की वेबसाइट के मुताबिक, इस रिविजन के बाद बैंक अपने जनरल कस्टमर्स के लिए 444 दिनों की स्पेशल फिक्स्ड डिपॉजिट पर हर साल 7.05% ब्याज दर दे रहा है। वहीं सीनियर सिटीजन के लिए बैंक अपनी 444 दिनों की FD पर 7.55% और 2 से 5 साल से कम तक की समय अवधि वाली FD पर हर साल 7.25% की ब्याज दर देगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मनोज कुमार चौबे के लिए डीबी कॉर्प लि., 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित तथा 102-ए, अरण्य स्कीम नं. 78, एस-5, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक :** मनोज कुमार चौबे (मो. 9200031247) ● RNI No. MPHIN/2013/50913
● डाक पंजीयन क्रं. : MP/IDC/1543/2020-2022 (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र इन्दौर रहेगा)